अग्निवीरो का किया सम्मानित

हिण्डौन। फिजिकल डिफेंस एकेडमी महू के संस्थापक नाहार सिंह सोलंकी व कोच बीकेश सोलंकी ने बताया कि आर्मी भर्ती 2024 में चयनित हुए अभ्यर्थीयो का शुक्रवार को महू डिफेंस एकेडमी के कि ओर से सम्मान समारोह आयोजित हुआ। समारोह मुख्य अतिथि युवा जाट महासभा करौली जिलाध्यक्ष करतार सिंह चौधरी धंधावली व विशिष्ट अतिथि गजानन सोलंकी कोचिंग , मनीष शर्मा गुरु कृपा, वीकेश सोलंकी गुरु कृपा, नरेश सोलंकी एस आर कंप्यूटर, केपी गुर्जर पी टी आई, विजय सोलंकी , रेवत सिंह ठेकेदार रहे और अध्यक्षता एकेडमी के व्यवस्थापक हाकिम सिंह सोलंकी ने की । समारोह में आर्मी भर्ती में चयनित हुए सभी अभ्यर्थियों का माला व साफा पहनकर एवं मैडल देकर सम्मानित किया गया। चयनित हुए अभ्यर्थी गोलू बेरखेड़ा, सुल्तान महू, कन्हैया महू, दीपक क्यारदाकला, संतोष ढहरा, सोफियान गद्दीपुरा, विशाल महू, अवदेश लहचौडा, सोनू लहचौडा, सोरभ पाली, अनूप करई, देवेन्द्र रेवई, हरिओम रेवई, पुष्पेन्द्र तिघरिया, विष्णु तिघरिया, सुमित महूदलालपुर, लोकेश पाली, गज्जू राराशाहपुर, विकास राराशाहपुर, मानवेंद्र महूखास, रूपन महूखास, टीका गुर्जर, रीझवास, केशव शेरपुर को सम्मानित किया गया। एकेडमी में फिजिकल पास कुल 57 बच्चे थे जिनमें से फाइनल सलेक्शन 23 बच्चों का हुआ है ।

कलेक्टर ने किया उप स्वास्थ्य केन्द्र व आंगनवाडी केन्द्र का निरीक्षण

गंगापुर सिटी । जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने गुरुवार शाम को बुचौलाई में उप-स्वास्थ्य केंद्र एवं अन्नपूर्णा रसोई का औचक निरीक्षण किया। जहां उन्होंने उप-स्वास्थ्य केंद्र में कार्मिकों की उपस्थिति, वार्ड, लैब, ओपीडी, आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पेयजल, आधारभूत चिकित्सीय सुविधा, जांच उपकरणों की क्रियाशीलता आदि व्यवस्था की जायजा लिया। कलेक्टर ने कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशानुरूप गुड गवर्नेंस के सिद्धांतों के अनुरूप नियमित रूप से समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने अस्पताल स्थित वार्डो में जाकर पीडित मरीजों का हालचाल पूछा। साथ ही उनके परिजनों से अस्पताल में दिए जा रहे इलाज, मूलभूत चिकित्सा सुविधाओं की जानकारी ली। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने उप-स्वास्थ्य केंद्र में चलाए जा रहे टीकाकरण कार्यक्रम का जायजा लिया और प्रगति की समीक्षा की। साथ ही टीकों के संधारण एवं टीकाकरण के दौरान सभी आवश्यक सावधानियां बरतने के निर्देश दिए।

जिला कलेक्टर ने चिकित्सा अधिकारियों एवं नर्सिंग स्टाफ को निर्देशित किया कि वे संवेदनशीलता के साथ अस्पताल आए हुए रोगियों को सभी जरूरी चिकित्सा सुविधाएं मुहैया कराएं। उन्होंने साफ-सफाई की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के निर्देश संबंधित चिकित्सा अधिकारियों एवं नर्सिंग स्टाफ को दिए निरीक्षण के दौरान विकास अधिकारी विक्रम सिंह गुर्जर सहित अन्य चिकित्सा अधिकारी एवं नर्सिंग स्टाफ आदि मौजूद था । जिला कलेक्टर बुचौलाई में आंगनवाडी केन्द्र का भी औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान जिला कलेक्टर ने बच्चों के पोषाहार का संवेदनशीलता के साथ ध्यान रखने को कहा। साथ ही पोषण ट्रेकर एवं पोषण रजिस्टर में पोषाहार से संबंधित एंट्री भी ध्यान से दर्ज करने के निर्देश संबंधित अधिकारी को दिए। इस दौरान कलेक्टर ने पोषाहार के लिए इस्तेमाल किए जाने वाले गैस चूल्हे, बर्तन, साफ-सफाई, खाद्य सामग्री आदि की गुणवत्ता की जांच की। वहीं, 3 से 6 वर्ष के बच्चों की गुणवत्तापूर्ण प्री-स्कूल शिक्षा के आदेश भी संबंधित अधिकारियों को दिए। इस दौरान तलावडा के तहसीलदार कमल पचौरी सहित अन्य राजस्व अधिकारी, कार्मिक एवं आंगनवाडी कार्यकर्ता एवं लाभार्थी बच्चे उपस्थित थे।

उप स्वास्थ्य केन्द्र का निरीक्षण करते जिला कलेक्टर।

- जिला कलेक्टर डॉ. गौरव सैनी ने उप-स्वास्थ्य केंद्र में कार्मिकों की उपस्थिति, वार्ड, लैब, ओपीडी, आदि का निरीक्षण कर साफ-सफाई, पेयजल, आधारभूत चिकित्सीय सुविधा, जांच उपकरणों की क्रियाशीलता आदि व्यवस्था की जायजा लिया
- कलेक्टर ने कार्मिकों को राज्य सरकार की मंशानुरूप गुड गवर्नेंस के सिद्धांतों के अनुरूप नियमित रूप से समय पर कार्यालय में उपस्थित रहकर अपने दायित्वों के निर्वहन के निर्देश दिए

सार-समाचार

अतिरिक्त जिला कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा

भरतपुर (निस)। शुक्रवार को अखिल भारतीय किसान सभा के प्रतिनिधिमंडल ने कामरेड नत्थी लाल के नेतृत्व में अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर राहुल सैनी को ज्ञापन सौंपकर खेतों में जलभराव की समस्या से निजात दिलाने की मांग की। जिस पर एडीएम सिटी राहुल सैनी ने किसानों को आश्वस्त किया कि उनकी मांग पर जल्द कार्यवाही की जाएगी और पानी निकासी की उचित व्यवस्था कराने का कार्य किया जाएगा। इस मौके पर अखिल भारतीय किसान सभा के जिला अध्यक्ष गिर्राज सिंह जघीना, कामरेड नत्थी लाल, महावीर सिंह खौंखर, जगवीर ठेकेदार, राधा किशन, अनिल शर्मा, राजू पंचायत समिति सदस्य आदि मौजूद रहे। किसानों ने बताया कि इस बार बरसात के चलते कई दिनों से खेतों में जलभराव की समस्या बनी हुई है। जिसके चलते किसान खेती भी नहीं कर पा रहे हैं। इस समस्या को लेकर पूर्व में भी ज्ञापन दिया जा चुका है। लेकिन अभी तक प्रशासन के द्वारा संतोषजनक कार्यवाही नहीं की है। इसीलिए आज फिर से जिला कलेक्ट्रेट आए हैं। जहां अतिरिक्त जिला कलेक्टर शहर से बात कर समस्या के समाधान की मांग की गई है।

विशाल शोभायात्रा निकाली

करौली(नि.स.)। कैलादेवी आस्था धाम पर पहली बार युवा वाल्मीकि सेवा समिति कैलादेवी के तत्वाधान में संभागीय स्तर कि आदि कवि वाल्मीकि रामायण रचेता महर्षि भगवान वाल्मीकि का प्रकट दिवस एवं विशाल शोभायात्रा निकाली गई है । इस दौरान कालीघाट वाल्मीकि आश्रम से कैलादेवी सरपंच प्रतिनिधि ऋषि मीणा द्वारा रथ शोभायात्रा को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। शोभा यात्रा कालीघाट से कार पार्किंग बाजार मंदिर,बड़ी धर्मशाला,बस स्टैंड होते हुए अगरा पड़ाव पहुंची महर्षि भगवान वाल्मीकि जी कि रथ शोभायात्रा एवं वाल्मीकि समाज का सर्व समाज की ओर से जगह-जगह स्वागत गेट लगाकर पुष्प वर्षा कि गई तथा कैलादेवी पुलिस कि ओर से सुरक्षा व्यवस्था बनाने के लिए पुलिस जवान तैनात रहे। आगरा पड़ाव मे कार्यक्रम का शुभारंभ महर्षि भगवान वाल्मीकि एवं संविधान रचेता डॉ भीमराव अंबेडकर के चित्रपट के सामने मुख्य अतिथि सपोटरा विधायक प्रतिनिधि प्रेमराज मीना व विशिष्ट अतिथि विकास नरवाल ने दीप प्रज्वलित कर पुष्प अर्पित किए इस दौरान आयोजन समिति की ओर से अतिथियो का स्वागत सम्मान किया गया इस दौरान अन्य स्थानो से आये वाल्मीकि समाज के प्रबुद्धजन ग्यासी राम,गोपाल धामोनिया,मोनू, सुरेश,मदन रामदयाल संदीप डगर राजा पार्षद एवं कस्बे के सर्व समाज के अतिथियों काडू मीणा,ब्रह्मा गोयल,मन्नू गोयल,राजू जाटव का साफा माला व वाल्मीकि चित्रपट भेंटकर सम्मान किया गया मंच संचालन सतीश धामोनिया ने किया

प्रतियोगिता में कोटा की टीम विजयी

गंगापुर सिटी । पहली बार आयोजित की जा रही गंगापुर सिटी रात्रि कालीन टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता में गुरुवार को तीन मैच खेले गए। पहला मैच भरतपुर और कोटा के बीच खेला गया। मैच में कोटा की टीम विजयी रही और टीम ने सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश किया। इसी तरह दूसरा मैच लालसोट और सपोटरा के बीच खेला गया, जिसमें लालसोट की टीम ने मैच को आसानी से जीत लिया। तीसरा मैच गंगापुर और जूनियर 11 स्टार बडी उदेई के मध्य खेला गया। जूनियर 11 स्टार बडी उदेई की टीम विजयी रही। गौरतलब है कि गंगापुर सिटी में पहली बार रात्रि कालीन टेनिस क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ 9 अक्टूबर को गवर्नमेंट पीजी कॉलेज के खेल मैदान पर किया गया। प्रतियोगिता में प्रदेश के अलग अलग जिलों से करीब 32 टीमें में भाग ले रही हैं। टूर्नामेंट 19 अक्टूबर तक जारी रहेगा। प्रतियोगिता में भरतपुर, जयपुर, कोटा, सवाई माधोपुर, डीडवाना, बस्सी, ग्वालियर, धौलपुर, लालसोट, झालावाड सहित अन्य जिलों की टीम भाग ले रही है। इतना ही नहीं टूर्नामेंट में टेनिस के कई बडे स्टार खिलाडी भी भाग ले रहे हैं। गवर्नमेंट कॉलेज के खेल मैदान में आयोजित मैच के दौरान मुख्य अतिथि के रूप में भाजपा के जिलाध्यक्ष सुशील दीक्षित और सीपी हॉस्पिटल के संचालक डॉ. क्षितिज गुप्ता थे। इस दौरान रात्रि का पहला मैच भरतपुर और कोटा के बीच खेला गया। मैच में कोटा की टीम विजयी रही और टीम ने सीधे सेमीफाइनल में प्रवेश किया।

ऑनलाईन आवेदन 20 नवम्बर तक

करौली (नि.स.)। जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी अकबर खान ने बताया कि अल्पसंख्यक समुदाय (जैन, मुस्लिम, ईसाई, पारसी, बौद्ध, सिख) की 12वीं कक्षा उत्तीर्ण मेधावी छात्राओं के लिए कालीबाई भील स्कूटी योजना 2024-25 के लिए 20 नवम्बर तक ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित किये जा रहे है। उन्होने बताया कि आवेदक राजस्थान की मूल निवासी जिनकी 12वीं माध्यमिक शिक्षा बोर्ड राजस्थान में न्यूनतम 65 प्रतिशत या केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड में 75 प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाली छात्राऐं ही पात्र होगी। आवेदक के माता-पिता की पारिवारिक आय 2.50 लाख से अधिक न हो। राजस्थान के महाविद्यालय में स्नातक पाठ्यक्रम में नियमित छात्रा के तौर पर अध्ध्यनरत हो। आवेदक को अल्पसंख्यक प्रमाण पत्र, 10वीं, 12वीं की अंकतालिका, मूल निवास प्रमाण पत्र, महाविद्यालय का नियमित अध्ध्यनरत प्रमाण पत्र व आय प्रमाण पत्र संलग्न करना आवश्यक है।

राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ के चुनाव संपन्न

गंगापुर सिटी । राजस्थान शिक्षा सेवा प्राध्यापक संघ ब्लॉक गंगापुर सिटी की ब्लॉक कार्यकारिणी के चुनाव राजकीय उच्च माध्यमिक स्कूल गंगापुर सिटी में जिला संयोजक रूपसिंह मीणा के नेतृत्व एवं चुनाव पर्यवेक्षक महेश गुप्ता प्रिंसिपल उमरी एवं सह पर्यवेक्षक मनीष जारेडा प्रिंसिपल जाट बडौदा की देखरेख में संपन्न किए गए। सभी पदों पर सर्व सम्मति से निर्विरोध पदाधिकारियों का चयन किया गया। कार्यकारिणी में ब्लॉक संरक्षक मदन मोहन गौतम, सभाध्यक्ष गिरिराज प्रसाद शांडिल्य, ब्लॉक अध्यक्ष हरिमन मीना को बनाया गया। इसी प्रकार ब्लॉक महामंत्री पर सुमरथ मीना, ब्लॉक वरिष्ठ उपाध्यक्ष पवन जाट, कोषाध्यक्ष कमलेश मीना, उपाध्यक्ष महेंद्र गुर्जर गंगापुर सिटी को निर्वाचित किया गया। सभी पदाधिकारियों को चुनाव पर्यवेक्षक द्वारा शपथ दिलाई गई। जिला संयोजक रूपसिंह मीना ने सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा की ब्लॉक गंगापुर सिटी का रेसला संगठन जिले का सबसे मजबूत संगठन है और इसे और अधिक मजबूत बनाए रखना नवीन कार्यकारिणी के लिए एक चुनौती होगी। ऐसे में इस चुनौती का सभी को तालमेल और सभी को साथ लेकर मिलकर सामना करना होगा। ब्लॉक की सदस्यता का लक्ष्य शत प्रतिशत प्राप्त करना होगा। ब्लॉक के गठन में जिला सह संयोजक बनिराम मीना, हेमंत शर्मा, मुस्ताक, धर्मेंद्र गुप्ता, सतीश शर्मा, शिवराज मीना, राजकुमार मीना, वीरेंद्र अग्रवाल, अखिलेश मीणा, मुकेश, गोविंद सिंघल, नरसी मीणा, विनोद, भरतलाल जाटव, रहमान, अजय आदि लगभग सैकडों रेसला के सदस्य उपस्थित थे।

'पर्यटन स्थल के रूप मे विकसित होगा करौली का पॉचना बांध'

करौली(नि.स.)। करौली के सबसे बड़े बांध पांचना को पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने को लेकर अब प्रशासन और कई विभाग भी हरकत में आए हैं। शुक्रवार को पर्यटन विभाग,जल संसाधन विभाग और सार्वजनिक निर्माण विभाग सहित कई विभागों के अधिकारी पांचना बांध पहुंचे। जहां उन्होंने पांचना बांध और आसपास की भूमि तथा दर्शनीय स्थलों का निरीक्षण कर पर्यटन स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए रिपोर्ट तैयार की है। इस दौरान पांचना बांध पर पर्यटकों के लिए विभिन्न सुविधाओं और गतिविधियों को विकसित कराने के लिए विस्तार से चर्चा कर खाका तैयार किया है। पर्यटन विकास समिति के पप्पू बैंसला ने बताया कि समिति द्वारा लंबे समय से पांचना बांध को पर्यटक स्थल के तौर पर विकसित करने के लिए विभिन्न माध्यमों से मुहिम चलाई जा रही है। इसको लेकर विभिन्न अधिकारियों और मंत्रियों को भी ज्ञापन सौंपे। इसके बाद पर्यटन विभाग सक्रिय हुआ और शुक्रवार को अधिकारियों का एक दल पंचना बांध पहुंचा। इस दौरान उन्होंने बांध के गेस्ट हाउस में बैठकर क्षेत्र में जमीन कि उपलब्धता तथा आवश्यक संसाधन और सुविधाओं को लेकर चर्चा की।

करौली के पॉचना बांध को पर्यटन क्षेत्र मे बदलने के लिए चर्चा करते अधिकारी।

'सी.एफ.सी.डी. की स्वीकृत परियोजना में किसी प्रकार का परिवर्तन उचित नहीं'

भरतपुर (निस)। भरतपुर की सी.एफ.सी.डी सहित शहर के चारों ओर स्थित खाई के सम्बन्ध में जनहित याचिका दायरकर्ता, इसकी मोनीटरिंग कमेटी के सदस्य व इस परियोजना में सक्रिय भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ अधिवक्ता श्रीनाथ शर्मा ने एक वक्तव्य में कहा है कि सीएफसीडी की इस स्वीकृत परियोजना में किसी प्रकार का परिवर्तन परिवर्धन विधिक रूप से व्यवहारिक व आर्थिक व तकनीकी रूप से उचित नहीं है और जनहित में भी स्वीकार्य नहीं है। किसी भी प्रकार के परिवर्तन के लिए सोचना परियोजना के पूर्ण होने में बाधक है। श्रीनाथ शर्मा ने बताया कि राजस्थान उच्च न्यायालय ने जिला प्रशासन को सीएफसीडी के जलभराव क्षेत्र से अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देश दिये थे परन्तु उन्होंने इसमें कोई प्रभावी कार्यवाही नहीं की गई। अब इस परियोजना में बाधा पहुँचाने की सोची समझी साजिश के साथ परिवर्तन की बात की जा रही है। उन्होंने वताया कि वर्ष 2021 में सी.एफ.सी.डी सहित ड्रेनेज स्कीम बनाने का कार्य प्रारम्भ हुआ। परियोजना बनाते समय नगर निगम, नगर विकास न्यास, सिंचाई विभाग, पी.डव्लू.डी के अभियंता व जिला प्रशासन की उपस्थिति में कई कई मीटिंग हुई। परियोजना के सभी पहलुओं पर गंभीरता से सघन विचार विमर्श हुआ। हर पहलू का एक लम्बी अवधि तक का ध्यान रखते हुए इसे बनाया गया। बीएलबी परियोजना को अन्तिम रूप देने से पहले डीएलसी के चीफ इंजीनियर, आरयूआईडीपी विशेषज्ञों ने गहनता से परीक्षण कर इस परियोजना को मंजूर किया था। यही नहीं इस परियोजना की संरचना का आईआईटी, वीएचयू. से भी परीक्षण कराया जिन्होंने हर तकनीकी से परीक्षण कर इस परियोजना की स्वीकृति दी जा चुकी है। इस परियोजना का राज्य स्तर के विशेषज्ञों ने भी परीक्षण किया गया। प्रोजेक्ट रिपोर्ट सही पाये जाने पर दिनांक 28 जून 2022 को राज्य सरकार द्वारा प्रशासनिक व फाईनेन्सियल स्वीकृति प्रदान कर दी गई जिस पर याशी कन्सलटेन्सी सर्विसेज प्रा0लि0 को कार्य आदेश जारी किया गया। अब तक आधे से ज्यादा कार्य पूरा हो चुका है जिसमें करोडों रूपया व्यय हो चुका है।

काली की बगीची से जघीना गेट तक नाला ढका हुआ है जिस पर यातायात का प्रावधान है। जघीना गेट से मोती महल तक नाला खुला रखना है। खुले व बन्द नाले के संबंध विशेषज्ञों द्वारा मौके की स्थिति व परिस्थिति और जनहित का ध्यान रखते हुए गहन विचार विमर्श कर निर्णय लिया गया है।

'सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को मिले टिकट'

भरतपुर (निस)। विप्र फाउंडेशन जोन-1 डी के प्रदेशाध्यक्ष वेदप्रकाश उपाध्याय (बंटू नेता) ने यह माँग है की दौसा विधानसभा सीट पर दोनों प्रमुख राजनैतिक दल (भाजपा एवं कोंग्रेस) को इस सामान्य विधानसभा सीट पर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को ही पार्टी उम्मींदवार घोषित किया जाए क्योकि दौसा विधानसभा सामान्य वर्ग की सीट है और दौसा ब्राह्मण बाहुल्य क्षेत्र है। इसके अतिरिक्त सामान्य वर्ग में आने वाली अन्य जातिया भी यहाँ पर वर्चस्व रखती है।

इस प्रकार इस सामान्य वर्ग सीट पर अधिकार सामान्य वर्ग का ही बनता है। हम किसी का हक छीनने में विश्वास नही रखते है लेकिन अपने अधिकारों के लिए लड़ना हमारा संवेधानिक अधिकार है।

अत: दोनों प्रमुख दलों से पुरी उम्मीद है की दोनों ही राजनैतिक पार्टिया सामान्य वर्ग की भावनाओं को समझेंगी परिवारवाद और जातिवाद से उपर उठकर सामान्य वर्ग के प्रत्याशी को हि उम्मीदवार घोषित करेंगी। हम हमारा हक माँग रहे है ना की किसी से भीख दोनों प्रमुख पार्टियों से उम्मीद है कि वह सामान्य वर्ग की वाजीव भावनाओं के साथ न्याय संगत फैसला करेंगी। दौसा विधानसभा उपचुनाव के साथ ही राजस्थान में अन्य जिन छह विधानसभा सीटों पर उपचुनाव होने है।

'प्रदूषण मुक्त, दुर्घटना रहित एवं सुगम यातायात का करें प्लान तैयार'

भरतपुर (निस)। केन्द्रीय सडक अनुसंधान संस्थान की टीम द्वारा शहर का व्यापक यातायात प्लान तैयार करने के लिये जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में सीएसआईआर की टीम एवं प्रमुख विभागों के अधिकारियों की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई। नगर विकास न्यास द्वारा शहर के यातायात प्लान तैयार करने हेतु केन्द्रीय सडक अनुसंधान संस्थान को कार्यादेश जारी किये गये है।

- केन्द्रीय सडक अनुसंधान संस्थान की टीम द्वारा शहर का व्यापक यातायात प्लान तैयार करने के लिये जिला कलेक्टर डॉ. अमित यादव की अध्यक्षता में सीएसआईआर की टीम एवं प्रमुख विभागों के अधिकारियों की बैठक शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

कलेक्टर की अध्यक्षता में सीएसआईआर की टीम एवं प्रमुख विभागों के अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित की गई।

मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा के निर्देशन में शहर का व्यापक यातायात प्लान तैयार करने के लिये केन्द्रीय सडक अनुसंधान संस्थान की टीम लगातार एक माह तक शहर में भ्रमण कर प्रमुख चौराहों, तिराहों, भीड के स्थानों, प्रमुख सडकों के साथ घर घर जाकर नागरिकों से यातायात एवं दिनचर्या के संबंध में सर्वे कर व्यापक रूप से सुव्यवस्थित एवं दुर्घटना रहित यातायात प्लान तैयार करने के लिये रिपोर्ट देंगे।

जिला कलक्टर ने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप शहर के यातायात प्लान को इस तरह तैयार किया जायेगा जिससे प्रदूषण मुक्त, दुर्घटना रहित एवं सुगम यातायात की सुविधा आम नागरिकों को मिल सके।

बैठक में केन्द्रीय योजना एवं पर्यावरण विभाग सीएसआईआर के मुख्य वैज्ञानिक डॉ चालूमूरी रविशेखर, मुख्य वैज्ञानिक डॉ. एस.वीमूरूकल, सचिव नगर विकास न्यास ऋषभ मंडल, आईएएस प्रशिक्षु राहुल श्रीवास्तव, सहायक पुलिस अधीक्षक पंकज यादव , नगर विकास न्यास, नगर निगम, परिवहन विभाग, रोडवेज, सार्वजनिक निर्माण विभाग के अधिकारी उपस्थित रहे। केन्द्रीय सडक अनुसंधान संस्थान की टीम द्वारा शहर में संचालित दुपहिया वाहन, ऑटो, बस एवं अन्य पब्लिक वाहनों के चालकों से प्रश्नवाचक सर्वे कर आवागमन का समय, प्रतिदिन उपयोग में लिये वाला ईंधन एवं व्यवहारिक स्थिति, कार्य का दबाव आदि के बारे में जानकारी ली जायेगी।

शहर में आने वाले मालवाहक वाहनों के चालकों से भी इसी प्रकार जानकारी ली जायेगी। आवागमन के समय विलम्ब, गति सीमा आदि के बारे में भी जानकारी एकत्रित की जायेगी।

प्रशिक्षण का आयोजन

करौली(नि.स.)। राष्ट्रीय परिवार कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम पर विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन जिला स्तर पर एएनएमटीसी करौली में किया गया। मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ दिनेशचंद मीना ने बताया कि इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रबंधकों को फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम के उपयोग और प्रबंधन के बारे में जानकारी प्रदान करना है।

यह प्रणाली परिवार नियोजन के साधनों की योजना, वितरण और निगरानी में सहायता करती है, जिससे मातृ एवं शिशु स्वास्थ्य तथा परिवार नियोजन सेवाओं की गुणवत्ता में सुधार होगा। उप मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ सतीशचंद मीना ने बताया कि जिला स्तर पर तीन बैच में प्रशिक्षण प्रदान किया गया जिसमें प्रतिभागियों को फैमिली प्लानिंग लॉजिस्टिक्स मैनेजमेंट इनफार्मेशन सिस्टम सॉफ्टवेयर के उपयोग तथा महत्व के बारे में प्रशिक्षण दिया गयाए जिससे स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं व प्रबंधकों को बेहतर निर्णय लेने में सहायता मिलेगी तथा परिवार नियोजन के साधनों जैसे गर्भनिरोधक गोलियां, गर्भनिरोधक इंजेक्शन, कंडोम आदि का चिकित्सा संस्थाओं पर प्रभावी प्रबंधन होगा तथा योग्य दंपतियों, लाभार्थियों तक परिवार नियोजन सेवाओं की पहुंच में सुधार होगा।

खेल जीवन का अभिन्न अंग है : सभापति शिवरतन अग्रवाल

गोला फैक प्रतियोगिता में भाग लेता खिलाडी।

गंगापुर सिटी । महात्मा गांधी राजकीय स्कूल नंबर 3 गंगापुर सिटी में शुक्रवार को 68वीं जिला स्तरीय 14 वर्षीय छात्र-छात्रा एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आगाज हो गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि शिवरतन अग्रवाल ने कहा कि खेल जीवन का अभिन्न अंग है और खेलों से स्वास्थ्य अच्छा होता है। इतना ही नहीं सहयोग, समर्पण और आपसी सद्भाव खेलों से सीखने को मिलता है, ऐसे में सभी को नित्य प्रतिदिन खेलना चाहिए। खेलों से अमूल स्वास्थ्य धन प्राप्त होता है। अध्यक्षता कर रहे अनुज शर्मा ने कहा कि खेल एकता, संगठन, सद्भाव सीखाते हैं और खेलों से भाईचारा बढता है। राष्ट्रीय एकता के साथ कुशल नागरिक का विकास होता है। विशिष्ट अतिथि हेमंत शर्मा ने कहा कि खेलों से जीवन में उत्तरोत्तर आगे बढने और खेलों से ही जीवन में संघर्ष की प्रेरणा मिलती है। ओम प्रकाश बैरवा ने कहा कि खेलों से मन, वचन, कर्म से व्यक्ति शुद्ध होता है एवं मन में सकारात्मक विचारों का विकास होता है। अतिरिक्त मुख्य ब्लॉक शिक्षा अधिकारी राम प्रसाद बैरवा ने कहा कि स्वस्थ जीवन के लिए खेल जीवन का एक महत्वपूर्ण अंग है। समारोह उपरांत खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। गोला फेंक छात्र वर्ग में आशीष बैरवा प्रथम, करण गुर्जर द्वितीय और दिलखुश प्रजापत तृतीय स्थान पर रहे। इसी तरह बालिका वर्ग गोला फेंक में प्रथम खुशबू, द्वितीय पायल और तृतीय स्थान पर सनम रही। ऊंची कूंद में प्रथम विकास रैगर, द्वितीय विवेक और तृतीय अर्पित रहे। छात्रा वर्ग में ऊंची कूद में मीनाक्षी जोगी प्रथम रही। इसी तरह तस्तरी फेंक में बालक वर्ग में सोहेल खान प्रथम, अरमान खान द्वितीय स्थान पर रहे। मंच संचालन शफी मोहम्मद शारीरिक शिक्षक ने किया।